## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 14.07.2025** **समय : 0705**

- **एक्सियोम–4 मिशन पर गए भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य की वापसी आज शुरू होगी ।**
- **भारत में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह में पिछले दस वर्षों में दौ सौ चौहत्तर प्रतिशत की वृद्धि हुई है।**
- **स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की ओर से टीबी मुक्त अभियान पर मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया।**
- **खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को 17 और 18 जुलाई तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है ।**

<><><><><><>

एक्सियोम–4 मिशन पर गए भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य की वापसी आज शुरू होगी। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि वापसी यात्रा भारतीय समयानुसार शाम साढ़े चार बजे से शुरू होगी और मिशन के सदस्य कल लगभग तीन बजे धरती पर पंहुच जायेंगे। पहुंचने के बाद शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य सदस्यों को फ्लाइट सर्जनों के निरीक्षण में सात दिन के पुनर्वास में रखा जाएगा ताकि वे वापस धरती के गुरुत्वाकर्षण में समायोजित हो सके। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला 14 दिन के मिशन पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र में हैं। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र पहुंचने वाले वे पहले भारतीय और अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। इससे पहले विंग कमांडर राकेश शर्मा 1984 में अंतरिक्ष में गए थे। शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष केन्द्र में भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा विकसित सात प्रयोग किए।

<><><><><><>

भारत में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह में पिछले दस वर्षों में दो सौ चौहत्तर प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि वर्ष 2013–14 और 2024–25 के बीच कर विभाग द्वारा दिये गए रिफंड में चार सौ चौहत्तर प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सूत्रों ने बताया कि इस अवधि के दौरान करदाताओं की संख्या एक सौ तैंतीस प्रतिशत बढी है। कर रिफंड जारी करने का औसत समय 2013 में 93 दिन से घटकर 2024 में केवल 17 दिन हो गया है। पिछले दशक में कर प्रशासन में यह परिवर्तन पूर्ण रूप से ऑनलाइन फाइलिंग और फेसलेस मूल्यांकन सहित डिजिटल बुनियादी ढांचे को अपनाने के कारण हुआ है। इन सुविधाओं के कारण आयकर रिटर्न की प्रक्रिया अधिक सटीक और तेज हुई है। सूत्रों ने कहा कि पहले से भरे हुए रिटर्न की शुरुआत, स्वचालित रिफंड प्रक्रिया, सटीक समय पर टीडीएस समायोजन और ऑनलाइन शिकायत निवारण तंत्र जैसी सुविधाओं ने देरी को कम करने और करदाता अनुभव को बेहतर बनाने में योगदान दिया है।

<><><><><><>

मध्य प्रदेश के आठ शहर शहरी स्वच्छता में अपनी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने की दौड़ में हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 17 जुलाई को नई दिल्ली मे स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार प्रदान करेंगी। स्वच्छ भारत मिशन के तहत ये पुरस्कार उन शहरों को प्रदान किए जाते हैं, जिन्होंने स्वच्छता और सार्वजनिक स्वच्छता के प्रति असाधारण प्रतिबद्धता दिखाई है। राज्य की व्यावसायिक राजधानी इंदौर सुपर स्वच्छ लीग श्रेणी में नामांकन के लिए लगातार आठवीं बार दौड़ में है जो भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में इसकी विरासत की पुष्टि करता है। अपनी प्राकृतिक सुंदरता और नागरिक अनुशासन के लिए प्रसिद्ध भोपाल को देश के सर्वश्रेष्ठ राजधानी शहर के लिए नामांकित किया गया है। उज्जैन को तीन से 10 लाख की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में जबकि बुधनी नगर को 20 हज़ार से कम निवासियों वाले शहरों की श्रेणी में नामांकित किया गया है। इंदौर "सुपर स्वच्छ लीग" में सबसे आगे है। अंतिम रैंकिंग पुरस्कार समारोह के दौरान घोषित की जाएगी। इन आठ शहरों को मिली मान्यता शहरी स्वच्छता में मध्य प्रदेश की बढ़ती प्रतिष्ठा और सतत स्वच्छता के प्रति उसके आदर्श दृष्टिकोण को रेखांकित करती है।

<><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की ओर से हाल ही में टीबी मुक्त अभियान पर एक मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. सुजा एंटनी और राज्य टीबी अधिकारी डॉ. पी. लाल ने मीडिया को संबोधित किया। कार्यशाला के दौरान भारत सरकार के निर्देश अनुसार टीबी मुक्त अभियान को मिशन मोड में लागू किया जाने पर चर्चा की गई। डॉ. सुजा एंटनी ने अभियान के प्रति उच्च–स्तरीय प्रशासनिक प्रतिबद्धता पर ज़ोर दिया, जिसकी नियमित निगरानी उपराज्यपाल, मुख्य सचिव, स्वास्थ्य सचिव और सभी उपायुक्तों द्वारा की जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य स्वास्थ्य संस्थानों और सामुदायिक आउटरीच में गहन

जाँच के माध्यम से तपेदिक का शीघ्र पता लगाना है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता मरीजों की पहचान करने और परीक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए घर–घर जाकर जाँच कर रहे हैं। डॉ. लाल ने शीघ्र पहचान और पोषण संबंधी सहायता के बारे में जानकारी दी। निक्षय पोषण योजना के तहत, टीबी रोगियों को सीधे उनके बैंक खातों में प्रति माह 1,000 रूपये मिलते हैं। इसके अलावा, व्यक्तियों और संगठनों को मरीजों को मासिक पौष्टिक युक्त भोजन दान करके निक्षय मित्र बनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। वर्तमान में, 200 से अधिक टीबी रोगी इस पहल से लाभान्वित हो रहे है।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय की ओर से आज ग्रेट निकोबार द्वीप में एक बड़ी परियोजना से जुड़ी जन–सुनवाई का आयोजन किया जाएगा। ये आयोजन दिन में 11 बजे गोविन्द नगर पंचायत हॉल में होगा। सभी संबंधितों से सुनवाई के दौरान उपस्थित रहने को कहा गया ह।

<><><><><><><>

नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ कांत ने कहा है कि भारत का एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस यानि यूपीआई आज दुनिया का सबसे बड़ा रीयल–टाइम डिजिटल भुगतान प्रणाली बन गया है। यूपीआई के जरिए प्रतिदिन 65 करोड़ लेनदेन किया जा रहा है और यह वीज़ा को पछाड़ कर शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। इसे अभूतपूर्व बताते हुए श्री कांत ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक है। इसने लोगों के जीवन को आसान बना दिया है। यूपीआई ने भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली में अपनी पकड़ को और मजबूत किया है। वित्तीय वर्ष 2023–24 में कुल लेनदेन में इसकी हिस्सेदारी 79 दशमलव 7 प्रतिशत थी जो 2024–25 में बढ़कर 83 दशमलव 7 प्रतिशत हो गई। भारतीय रिजर्व बैंक की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार यूपीआई के जरिए 2024–25 के दौरान 185 दशमलव 8 अरब का लेनदेन किया गया है, जो पिछले साल के मुकाबले 41 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। मूल्य के संदर्भ में यूपीआई लेनदेन वित्त वर्ष 2024 के 200 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 261 लाख करोड़ रुपये हो गया है। रिजर्व बैंक ने यह भी कहा कि वह 2028–29 तक 20 देशों में यूपीआई का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध ह।

<><><><><><><>

अगले तीन दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान के अनुसार द्वीपसमूह के एकाध स्थानों पर भारी बारिश और तेज़ हवा के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। दक्षिणी अंडमान सागर में 35–45 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएँ चलेंगी जो बढ़कर 55 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुँच सकती हैं। इस दौरान समुद्र की स्थिति काफी अशांत रहेगी। मछुआरों को 17 और 18 जुलाई तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई ह ।

<><><><><><><>

76वें वन महोत्सव के एक भाग के रूप में, दक्षिण अंडमान वन प्रभाग की ओर से विम्बर्लीगंज के मिनी स्टेडियम में एक अंतर–पंचायत नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। यह टूर्नामेंट युवाओं के साथ–साथ आम जनता में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए आयोजित किया गया था। ग्राम पंचायत मन्नारघाट और ग्राम पंचायत स्टीवर्टगंज की टीमों के बीच खेले गए फाइनल मैच में ग्राम पंचायत मन्नारघाट की टीम ने 2 गोल से टूर्नामेंट जीत लिया। इस दौरान मुख्य वन संरक्षक डॉ. ए. अनिल कुमार मुख्य अतिथि थे। प्रभागीय वन अधिकारी अश्विन जे. परिहार और सहायक वन संरक्षक आर. एस. शरथ भी इस अवसर पर उपस्थित थे। प्रधानमंत्री की विशेष पहल 'एक पेड़ माँ के नाम' 2.0 अभियान के तहत, फलदार प्रजातियों के पौधे सभी ग्राम पंचायत प्रधानों और खिलाड़ियों के बीच वितरित किए गए। प्रभाग के तीन कार्यकारी कर्मचारियों को वर्ष 2024–25 के दौरान वन और वन्यजीव अपराध मामलों का पता लगाने में उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया है।

<><><><><><><>

**द डेली टेलीग्राम्स** ने पांच किलोमीटर मानसून रेस आयोजित करने के समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। राष्ट्रपति ने राज्यसभा के लिए चार सदस्यों को किया मनोनीत–**द्वीप समाचार** की बड़ी खबर है। **द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने दक्षिण अण्डमान जिला उपायुक्त के फरारगंज तहसील के दौरे के समाचार को सचित्र प्रकाशित किया है। **द इको ऑफ इंडिया** ने खेल निदेशालय की ओर से तीन नए खेलो इंडिया केंद्र स्थापित करने के समाचार को अपनी पहली हेडलाइन बनाया है, जबकि हंसपुरी गाँव में खरीफ अभियान का आयोजन करने के समाचार को **इंफो इंडिया** में जगह मिली है।

<><><><><><><>